HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Eighth Session)

Questions For Oral Answer

Wednesday, 4th March, 2020/14th Phalgun, 1941 (Saka)

[Chief Minister - Jal Shakti Minister - Urban Development Minister - Industries Minister and Social Justice & Empowerment Minister].

Total No. of Questions - 34

Mining Leases

***2506 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) how many mining leases in Chamba district have got clearance and EIA;

(b) whether the department has demarcated the areas of legally allotted mining leases; indicate the procedure followed; and

(c) whether JCB machines are allowed for mining in the State?

शाह नहर परियोजना

***2507 श्रीमती रीता देवी (इन्दौरा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि शाह नहर परियोजना के रख-रखाव के लिए केन्द्र सरकार से दूसरी किस्त जारी करवाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

पदपूर्ति एवं पुनर्सीमांकन

***2508** **श्री विशाल नेहरिया(धर्मशाला) :**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) नगर निगम धर्मशाला में किन-किन श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है ; और

(ख) सरकार नगर निगम धर्मशाला में वार्डों के पुनर्सीमांकन का विचार रखती है ?

नमगया लिफ्ट इरीगेशन स्कीम

***2509** **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नमगया गांव के लिए उठाऊ सिंचाई योजना को अव्यवहारिक घोषित किया गया है; यदि हां, तो कारण; DPR की प्रति सभा पटल पर रखें?

Corporate Social Responsibilities Policy

***2510** **Sh. Hoshyar Singh(Dehra) :**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that how many companies fall under Corporate Social Responsibilities Policy and how much amount they contributed to CSR in the State; details of amount spent and nature of work done by these companies be given?

डी0पी0आर0 का ब्यौरा

***2511** **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति मण्डल नोहराधार में कौन-कौन सी डी0पी0आर0 को स्वीकृति प्रदान की गई; और

(ख) विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत कितनी डी0पी0आर0 बनकर तैयार हुईं और कितनी शेष हैं; सूचना सभा पटल पर रखें?

एक्स-रे व अल्ट्रासाऊंड मशीन

***2512 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक चिकित्सालय चौपाल, नेरवा और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुपवी में एक्स-रे और अल्ट्रासाऊंड की मशीनें उपलब्ध नहीं हैं; और

(ख) यदि हां, तो कब तक उपलब्ध करवा दी जाएंगी?

ब्रिक्स के अन्तर्गत परियोजनाएं

***2513 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) ब्रिक्स के अन्तर्गत प्रदेश को एन0डी0बी0 के माध्यम से कितनी धनराशि की परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं तथा कितनी धनराशि प्राप्त हो चुकी है; और

(ख) क्या यह सत्य है कि इसके अन्तर्गत एडवांस टेंडर लगाए गये हैं; यदि हां, तो कितनी धनराशि के; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

AIIMS का निर्माण

***2514 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला बिलासपुर में कब तक AIIMS का निर्माण कार्य पूर्ण करके संस्थान जनता को समर्पित किया जाएगा और इस संस्थान में किस वर्ष MBBS की कक्षाएं आरम्भ कर दी जाएंगी; ब्यौरा दें?

हर खेत को पानी

***2515 श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत हर खेत में पानी पहुँचाने के लिए सरकार द्वारा कितनी योजनाएं स्वीकृत की गई हैं; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को ठीक करने हेतु सरकार द्वारा कितनी स्कीमें स्वीकृत की गयी हैं; स्कीमवार ब्यौरा दें?

चिकित्सकों की रिक्तियां

***2516 श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहडू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हिमाचल प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों व PHCs में चिकित्सकों के कितने पद रिक्त पड़े हैं; ब्यौरा दें;

(ख) रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत PHC एवं Sub-Centers में चिकित्सकों के कितने पद रिक्त हैं; पूर्ण ब्यौरा दें;

(ग) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संदासु व डोडरा क्वार में कितने बिस्तरों के अस्पताल व कितने चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं; कितने पद रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; क्या इन केन्द्रों में एक्स-रे सुविधा उपलब्ध है; यदि हाँ, तो क्या यह चालू हालत में है; ब्यौरा दें?

पेयजल समस्या

***2517 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गर्मियों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति व समान वितरण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) प्रदेश में "हर घर को नल हर घर को जल" योजना के अर्न्तगत भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए लगभग 46 करोड़ रुपये की DPR तैयार की गई है; इसके लिए धनराशि का प्रावधान कब तक होगा?

Sunni Sewerage System

***2518 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state that what is the time schedule for starting the work of Sunni Sewerage System and by when it will be completed?

Imported Apple Plants

***2519 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) which places have been identified by the Horticulture Department where the imported apple plants were kept in the quarantine period and how many plants were kept in each nursery; and

(b) how many plants did not survive in each nursery, what was the manpower available to nurse these plants; were regular reports recorded on the health of the plants; if yes, to whom this report was submitted?

Formation of Nagar Nigam

***2520 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that what is the time frame for the upgradation of Solan MC into a Nagar Nigam?

सी.ई.टी.पी. कैंदूवाल व शिवालिक सॉलिड वेस्ट मैनेजमैंट दभोटा

***2521 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सी.ई.टी.पी. कैंदूवाल व शिवालिक सॉलिड वेस्ट मैनेजमैंट दभोटा प्लांट कब आरम्भ किए गए; इनके निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई और यह धनराशि किन-किन स्रोतों से प्राप्त हुई;

(ख) इन प्लांटों में प्रदूषित पानी व कूड़े-कचरे का निष्पादन वैज्ञानिक ढंग से करने के लिए सरकार ने रेट निर्धारित किए हैं; क्या यह रेट लागू हैं;

(ग) यह सत्य है कि यह संस्थान कूड़ा निष्पादन के अधिक दाम वसूल रहे हैं; यदि हां, तो कारण; और

(घ) इनकी समयावधि कब पूर्ण हो रही है व क्या सरकार इनके पुनः विस्तारीकरण के समय पंचायतों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

पदों का सृजन

***2522 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि नगरोटा बगवां विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की 4 पंचायतें जल शक्ति मंडल कांगड़ा से नगरोटा बगवां में समाहित की गई हैं;

(ख) यदि हां, तो इस मंडल में सरकार कनिष्ठ अभियंता का अतिरिक्त पद सृजित करने का विचार रखती है; और

(ग) यह सत्य है कि उप-सैक्शन कंडी बनाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है; यदि हां, तो यह कब तक बनाया जाएगा?

पेयजल कनैक्शन

***2523 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में कुल कितने पेयजल कनैक्शन वितरित हुए हैं; और

(ख) गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक कितनी धनराशि सेवा शुल्क (Charges) के रूप में प्राप्त हुई; ब्यौरा मण्डलवार दें?

विश्राम गृह

***2524 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के कितने विश्राम गृह औऱ निरीक्षण कुटीर हैं; क्या सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र में नया विश्राम गृह/ निरीक्षण कुटीर बनाने का विचार रखती है?

Pending Schemes

***2525 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) how many water supply and irrigation schemes are pending for completion in Jal Shakti Division Shillai and since when; reason for delay in execution be given schemewise; by when these will be completed; and

(b) how many posts of different categories have been sanctioned under Jal Shakati Division Shillai, Sub Division Shillai, Kafota and Ronhat; how many are lying vacant and by when these vacant posts will be filled up?

उपभोक्ताओं से अदायगी

***2526 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि कुल्लू शहर में पानी की स्कीम ग्रेविटी की श्रेणी में आती है; यदि हां, तो उपभोक्ताओं से इसके खपत के बिल उठाऊ जल योजना की दर से क्यों लिए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

सिंचाई योजना जुखाला

***2527 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सिंचाई योजना जुखाला आसामझारी के पास क्षतिग्रस्त हो गई है; यदि हां, तो इस योजना को ठीक करवाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

बागवानी परियोजना

***2528 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक विश्व बैंक द्वारा पोषित बागवानी परियोजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***2529 श्री होशयार सिंह(देहरा) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नागरिक अस्पताल देहरा में चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं और इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) इस अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर असिस्टैंट एवं नेत्र चिकित्सक के पद कब तक भरे जाएंगे; और

(ग) इस अस्पताल में डिजिटल एवं कलर एक्स-रे की मशीनें कब तक उपलब्ध करवाई जाएंगी?

पदोन्नति

***2530 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जल शक्ति विभाग में कितने कर्मचारी कार्य निरीक्षक से जे0ई0 पदोन्नत किए गए; क्या कार्य निरीक्षकों की पदोन्नति जारी रहेगी; यदि हां, तो क्या यह पदोन्नति पुराने नियमों के तहत की जाएगी या नियमों को बदला जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ख) लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग में कार्य निरीक्षको की पदोन्नति नियमों में भिन्नता क्यों है; कारण सहित ब्यौरा दें?

पुरानी मशीनरी

***2531 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक जल शक्ति विभाग में कितनी पुरानी मशीनरी, पम्प और पम्प मशीनरी बदली गई;

(ख) बदली गई मशीनरी को विक्रय किया गया है; यदि हां, तो क्या इसके लिए कोई टैंडर किया गया; खरीददारों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें; और

(ग) इससे सरकारी खजाने में कितनी धनराशि जमा हुई?

स्वीकृत उप-स्वास्थ्य केन्द्र

***2532 श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2019-20 तक कितने उप-स्वास्थ्य केन्द्र (HSC) स्वीकृत हुए हैं; नाम सहित पूर्ण ब्यौरा दें;

(ख) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शिल्हनु में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद सृजित किये गये हैं; ब्यौरा दें;

(ग) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नागरिक अस्पताल (Civil Hospital) गोहर में डॉक्टरों के रहने के लिए बने पुराने आवासों के स्थान पर सरकार नए आवास बनाने का विचार रखती है; पूर्ण विवरण दें; और

(घ) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झुंगी, जाच्छ, बग्गी और चौक में विभिन्न श्रेणीयों के कितने पद सृजित हैं; पूर्ण विवरण दें ?

टेंडर प्रक्रिया

***2533 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में 31-01-2020 तक रोहड़ू मंडल में MLA Priority की कितनी DPRs तैयार हुई तथा कितनी लंबित हैं; कितनो के tenders लगे हैं और कितनी complete हुईं, Schemes wise ब्यौरा दें; और

(ख) कितनी schemes/Projects LWSS etc. का कार्य लंबित है; ब्यौरा दें?

Water Supply Scheme

***2534 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state whether there is any proposal for construction of LWSS for Sunni and surrounding Panchayats being affected by the Koldam; if yes, how many Panchayats will be benefited?

पेयजल योजना

***2535 श्री राकेश सिंघा (ठियोग):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गांव मोहरी हेतु जल शक्ति विभाग द्वारा हैंडपम्प स्थापित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो सरकार जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कब तक पेयजल योजना के निर्माण का विचार रखती है; और

(ग) इस योजना हेतु जल जीवन मिशन से स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है; यदि नहीं, तो कारण?

Cremation Ground

***2536 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state what is the time-frame for completion of construction work of the cremation ground at Chambaghat?

पदपूर्ति

***2537 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के 100 बैड के मुख्य अस्पताल नालागढ़ में पर्याप्त संख्या में डाक्टर व पैरामैडिकल स्टाफ कब तक उपलब्ध करवाए जाएंगे और इस अस्पताल में अल्ट्रासाऊंउ और डायलेसिस की सुविधा कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी; ब्यौरा दें?

पार्किंग निर्माण

***2538 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि यह सत्य है कि बंजार नगर पंचायत द्वारा पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

उठाऊ पेयजल योजना

***2539 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के बिलासपुर मंडल द्वारा उठाऊ पेयजल योजना ग्राम पंचायत कुटेहला, तनबोल और टाली जगातखाना की आंशिक रूप से लाभान्वित बस्तियों को पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए इस स्कीम पर कुल कितनी लागत आई तथा कितनी आबादी को इस स्कीम के बनने से लाभ हुआ, ब्यौरा दें; और

(ख) कार्य किस ठेकेदार को आवंटित किया गया; इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया; कितना व्यय हुआ तथा कितने जल वितरण टैंक बने; भिन्न-भिन्न व्यास की कितनी पाइपें लगाई गईं तथा इस कार्य को कब तक पूरा कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 17 फरवरी, 2020 . **सचिव।**